an>

Title: Need to install adequate number of BTS Tower and Equipment in Pratapgarh parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

**कँवर हरिवंश सिंह (प्रतापगढ़)** ः मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में बी.टी.एस. टॉवर की भारी कमी के चलते शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नेटवर्क की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। पिछले वर्षों में कई लोगों ने भारत संचार निगम लिमिटेड की खराब व्यवस्था के कारण अपने कनेक्शन बंद करा दिए हैं, जिले में विभागीय सूचना के माध्यम से 124 बी.टी.एस. कार्यरत हैं एवं 60 बी.टी.एस. प्रस्तावित हैं, जबकि 3जी डाटा एवं 4जी डाटा नेटवर्क की व्यवस्था सहित 200 बी.टी.एस. टॉवर लगाये जाने की तत्काल आवश्यकता है। इस संबंध में मैंने जिलाधिकारी, प्रतापगढ़ द्वारा प्राप्त पत्र को संचार मंत्रालय को पत्र प्रेषित किया है।

अतः मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि उपभोक्ताओं के हितों को ध्यान में रखते हुए मेरे संसदीय क्षेत्र प्रतापगढ़ (उ.प्र.) में उचित मात्रा में बी.टी.एस. टॉवर एवं उपकरण शीघ्रातिशीघ्र लगाने की कृपा करें।